आइआइएम का दीक्षांत समारोह स्थगित

रांची . कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आइआइएम रांची ने 21 मार्च को होनेवाल नौंवा दीक्षांत समारोह स्थगित कर दिया है . समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा व मुख्तार अब्बास नकवी को शामिल होना था . साथ ही सत्र 2018-20 के विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल व डिग्री दिया जाना था . वहीं, आइआइएम रांची के निदेशक डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह ने संस्थान में बायोमेट्रिक अटेंडेंस पर रोक लगा दी है . अटेंडेंस के लिए रजिस्टर का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है . विद्यार्थियों को कक्षा समाप्त होने के बाद हॉस्टल में रहने की सलाह दी गयी है . वहीं, छात्र-छात्राओं के ट्रैवल करने पर रोक लगा दी गयी है . राज्य सरकार द्वारा सोमवार को अगर शैक्षणिक संस्थान बंद करने संबंधी किसी प्रकार का निर्देश जारी होने की स्थिति में संस्थान के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं चलेंगी . इसके लिए छात्रावास में ही व्यवस्था रहेगी . विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को ऑनलाइन कोर्स सिलेबस के अनुसार मैटेरियल उपलब्ध कराये जायेंगे . निदेशक डॉ सिंह के अनुसार, संस्थान में 23 से 27 मार्च तक होनेवाली परीक्षा नियत समय पर होगी . सभी विभागों सहित छात्रावास में हैंडवास/सेनिटाइजर की संख्या बढ़ा दी गयी है . कर्मियों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया है .

Prabhat Khabar, 15.03.2020, Pg. 04